# प्रादेशिक समाचार
## 13.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय सेना का बढ़ाया हौसला, पाकिस्तान को दी चेतावनी, कहा–फिर दु:साहस किया तो देंगे मुंहतोड़ जवाब।

2. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्यारह दिन का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू, कल रांची में निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ होंगे शामिल।

3. 11वीं जेपीएससी मेंस परीक्षा का रिजल्ट जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों ने तेज किया आंदोलन, राज्य भर से आए छात्रों ने रांची में किया विरोध प्रदर्शन।

4. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने रांची में सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप के उद्घाटन पर लगायी रोक, सदस्य आशा लकड़ा ने कहा–जांच पूरी होने तक नहीं होगा किसी प्रकार का काम।

5. सीबीएसई ने जारी किये 10वीं और 12वीं के परिणाम, 12वीं में झारखंड के 88 फीसदी और 10वीं में 92 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी हुए पास।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्ताकन को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि पाकिस्तान में अब कोई ऐसी जगह नहीं बची है, जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है। श्री मोदी ने यह बात पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन पर वायु सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही।

****************

इस बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि पाकिस्तान से अब केवल पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर के मुद्दे पर बातचीत होगी। नयी दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर भारत को किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौता फिलहाल स्थगित रहेगा।

****************

ऑपरेशन सिंदूर पर आज से ग्यारह दिन का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया गया है। तिरंगा यात्रा के नाम का यह अभियान पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलता को लोगों तक पंहुचायेगा।

****************

इधर, रांची में कल भाजपा महानगर इकाई द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। दिन के दस बजे यह यात्रा जिला स्कूल मैदान से निकाली जायेगी, जो लालपुर स्थित भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर जाकर खत्म होगी। तिरंगा यात्रा में रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ शामिल होंगे।

****************

तिरंगा यात्रा पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा तिरंगा का भी राजनीतिकरण कर रही है।

झामुमो ने भी आरोप लगाया कि भाजपा ऑपरेशन सिंदूर प्रकरण का राजनीतिकरण कर रही है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि ऐसे गंभीर मसलों पर राजनीति करना कतई उचित नहीं है।

विपक्ष के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने स्पष्ट किया है कि यह तिरंगा यात्रा भाजपा की नहीं है।

****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विश्व भारती जनसेवा संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से सहारा इंडिया निवेशकों का पैसा वापस दिलाने, जांच आयोग का गठन और राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में हस्तक्षेप याचिका दायर करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार विधिसम्मत कदम उठाएगी।

****************

11वीं जेपीएससी मेंस परीक्षा का रिजल्ट जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों ने अपना आंदोलन तेज कर दिया है। परीक्षा परिणाम प्रकाशित करने की मांग को लेकर छात्र पिछले 5 दिनों से भूख हड़ताल पर थे। सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने के विरोध में आज राज्य भर से आए छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

****************

सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प के उदघाटन को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक आयोग द्वारा जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक फ्लाईओवर रैम्प पर किसी भी प्रकार का कार्य या उदघाटन नहीं किया जाएगा। श्रीमती लकड़ा ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार आदिवासी संस्कृति पर कुठाराघात कर रही है।

****************

जमशेदपुर सदर अस्पताल को यूसीएल प्रबंधन की ओर से आज पांच नयी आईसीयू युक्त एंबुलेंस प्रदान की गयी। इसका शुभारंभ शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन द्वारा किया गया। इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि इससे गंभीर मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित रूप से शिफ्ट करना आसान होगा।

****************

हजारीबाग जिले में गर्मी बढ़ने के साथ ही तरबूज की मांग भी खूब बढ़ गयी है। हर दिन सैकड़ों क्विंटल तरबूज की बिक्री हो रही है।

****************

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई की ओर से 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। 12वीं में झारखंड के 88 दशमलव एक छह फीसदी बच्चे पास हुए हैं जबकि 10वीं में 92 दशमलव एक छह प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

****************

<u>संक्षिप्त खबरें</u>

- राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 15 मई को शाम चार बजे से होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में राज्यहित में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की जा सकती है।
- राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह कल ग्रामीण सड़कों, पुलों और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगी। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ ही मुख्य अभियंता भी शामिल होंगें।

****************

राज्य एक बार फिर से प्रचंड गर्मी की चपेट में है। पलामू समेत कई जिलों में तापमान 41 डिग्री पहुंच गया है, जबकि कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के करीब है। इस बीच मौसम विभाग ने 15 मई को पश्चिमी जिलों को छोड़ राज्य के शेष जिलों में बारिश होने की सम्भावना व्यक्त की है।

*******समाप्त********